कृषि प्रदर्शन

ELECTION CAMPAIGN

# मानव जीवन विकास समिति

## मासिक पत्रिका

## (नवम्बर 2023)











## जैव उत्पाद इकाई केंद्र

## गैर कीटनाशी प्रबंधन

## श्री विधि से धान की खेती

## किसानों को दिया जा रहा है प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण

## किचन गार्डन

## श्री अन्न महोत्सव
मिलेट्स

## वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन

MJVS

Celebrating 23 Years

# मानव जीवन विकास समिति

## की 23 वीं वर्षगांठ के अवसर पर

## शुभकामना संदेश समारोह कार्यक्रम

दिनांक : 28 नवम्बर 2023 स्थान : MJTC,बिजौरी,कटनी ( म.प्र. )














# मतदाता जागरूकता अभियान


















"मतदाता जागरूकता कार्यक्रम"

मानव जीवन विकास समिति ने कटनी जिले के बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के 80 गांवों में लगभग 2000 दीवारों पर दीवार लेखन किया है और मतदाताओं से संवाद कर बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

छोड़े अपने सारे काम।
पहले चलो करें मतदान।।

जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता।

मानव जीवन विकास समिति, कटनी।

वोट डाले सभी नर नारी।
हम मतदाता की जिम्मेदारी।।

जागरूक मतदाता, देश का भाग्य विधाता।

मानव जीवन विकास समिति, कटनी।





# जैव उत्पाद इकाई केंद्र















मानव जीवन विकास समिति अपने कार्यक्षेत्र कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के गांव मे, दमोह जिले के तेन्दुखेड़ा और जबेरा ब्लॉक के गांव मे अलग अलग जगह पर 7 जैव उत्पाद इकाई की स्थापना कर रखा है। केन्द्र मे 20 से 25 अलग अलग प्रकार के बीजों का भी संधारण किया है। और किसानों द्वारा 15 से 16 प्रकार की जैविक कीटनाशक दवाईयां और खाद को भी रखा है जहां से किसानों को आसानी से उपलब्ध हो जाता है।





# गैर कीटनाशी प्रबंधन



मानव जीवन विकास समिति द्वारा गैर कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली का किसानों को अधिक लाभ मिल सके इसके लिए समिति लगातार किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करती है। महीने मे लगभग 150 से 200 प्रशिक्षण आयोजित कर 4000 से 5000 किसानों को प्रशिक्षित कर जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर ले जाया जाता है।




# श्री विधि से धान की खेती










मानव जीवन विकास समिति द्वारा कटनी जिले के बड़वारा और ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक तथा दमोह जिले के तेन्दुखेड़ा और जबेरा ब्लॉक के 150 गांव मे 1500 किसानों को श्री विधि से धान की खेती करने प्रशिक्षित किया है। इससे किसानों का कहना है हमारी खेती की लागत मे कमी आई है और उत्पादन अधिक होगा। कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन कर रहा है और कीटनाशक दवाईया भी स्वयं तैयार कर फसल मे उपयोग कर रहे है।

रासायनिक खाद और कीटनाशक मे किसानों का अधिक खर्चा आता था अब वह खर्चा शून्य हो गया जिससे किसानों मे खुशी की लहर है।








# प्राकृतिक खेती किसान पाठशाला एवं सह–प्रशिक्षण


















मानव जीवन विकास समिति, प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों का प्राकृतिक खेती किसान पाठशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन कर किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती की बारीकियों से किसानों को रूबरू कर प्राकृतिक खेती कर रहे 1500 किसानों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रहे है।




## किचिन गार्डन प्रमोशन हेतु सब्जी बीज वितरण





## तैयार किचिन गार्डन










मानव जीवन विकास समिति द्वारा कार्यक्षेत्र के किसानों को किचन गार्डन तैयार करने सब्जी का बीज समिति द्वारा किसानों को निःशुल्क वितरण किया गया। ऐसे लगभग 500 किसान किचन गार्डन तैयार कर रहे है जहां पर प्रत्येक किसान 10 प्रकार के सब्जी का उत्पादन करने जा रहा है। आशा है कि प्रत्येक किसान को अपने किचन गार्डन से सप्ताह मे 500 से 600 रूपये तक की बचत होगी।





# श्री अन्न महोत्सव

## मिलेट्स

मिलेट प्रमोशन















मानव जीवन विकास समिति द्वारा कार्यक्षेत्र के 1500 किसानों के साथ मिलेट उत्पादन कराने किसानों को जागरूक कर रही है और किसानों को मिलेट के बीज उपलबध कराकर खेती करने प्रोत्साहित भी कर रही है।

इसी कार्य को आगे बढ़ाने कटनी कलेक्टर महोदय की अनुसंशा मे कृषि विभाग के आत्मा परियोजना अन्तर्गत मिलेट प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना भी समिति प्रांगण मे किया गया है इससे आसपास के किसानों को लाभ मिलेगा।



# वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन



केंचुआ द्वारा जैव- विघटनशील व्यर्थ पदार्थों के भक्षण तथा उत्सर्जन से उत्कृष्ट कोटि की कम्पोस्ट (खाद) बनाने को वर्मीकम्पोस्टिंग कहते हैं। वर्मी कम्पोस्ट को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति तो बढ़ती ही है, साथ ही साथ फसलों की पैदावार व गुणवत्ता में भी बढ़ोत्तरी होती है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मृदा पर होने वाले दुष्प्रभावों का वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से सुधार होता है। इस प्रकार वर्मी कम्पोस्ट भूमि की भौतिक, रासायनिक व जैविक दशा में सुधार कर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को टिकाऊ करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।





# ग्रामीण पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा











मानव जीवन विकास समिति द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण पर्यटन विभाग के सहयोग से 7 जिले के 7 गांव मे 57 होमस्टे का निर्माण कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसका उद्धेश्य ग्रामीण क्षेत्र मे लोगों को अपने घर मे ही होमस्टे निर्माण कर ग्रामीण पर्यटक को सुविधा उपलब्ध कराना।

मानव जीवन विकास समिति पहले से ही फ्रांस की संस्था तमादी के साथ मिलकर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने ग्रामीणों के घरो मे ही रूकवाना, लोकल गतिविधियों कसे रूबरू कराने का काम कर ही रही थी की मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के साथ भी जुड़कर काम करने का मौका समिति को मिला जिसके अन्तर्गत विभाग द्वारा ग्रामीणों को अपने घर पर ही होमस्टे डेवलप करने सुविधा मिल गई।





# सरकारी योजनाओं से किसान हो रहे लाभान्वित

## कृषि विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क बीज वितरण













मानव जीवन विकास समिति के प्रयासों किसानों को सरकारी योजना का अनुदान प्राप्त हो रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मे सुधार हो रहा है। सरकारी योजना से लाभान्वित किसान आजीविका को बढ़ाने मे कोई कसर बांकी नही रख रहा है। अभी नवम्बर महीने मे कटनी जिले के बड़वारा और ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक के 167 किसानों को 50 क्विंटल चना, 28 किसानों को 8.5 क्विंटल मसूर, 38 किसानों को 38 कि. ग्रा. सरसो, 5 किसानों को 1.5 क्विंटल गेहूं का बीज, 16 किसानों को 80 कि.ग्रा. मटर का बीज दिलाया गया है।

## आटा चक्की लगाकर किसान बन रहा आत्मनिर्भर

मानव जीवन विकास समिति के प्रयासों कटनी जिले के ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक के सारनपुर गांव के किसान अजयकांत मेहरा को उद्यानिकी विभाग से आटा चक्की प्राप्त हुआ। अब किसान को खुशी है कि मुझे अपने घर पर ही रोजगार मिल जायेगा इससे महीने मे लगभग 3000 से 4000 रूपये तक की आमदनी होने की सम्भावना है।



# एमपीएनसीएनएफ पार्टनर भागीदारों के लिए रवि फसल पूर्व कार्यशाला और प्रशिक्षण का आयोजन 4 से 7 नवंबर 2023








कार्यक्रम में मुख्यतः **MJVS, WOTR, GSS, SRIJAN, Haritika, PRADAN, PSI, CARD, NIWCYD, N+3, VSS** संस्था से **50** प्रतिभगियों ने प्रशिक्षण प्राप्त की है।

## कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यतः

- खरीफ फसल कटाई के बाद की तकनीकों के बारे में जानें।
- प्रत्येक भागीदार की आगे की रणनीतियों को परिष्कृत करना।
- एनसीएनएफ के समग्र लक्ष्यों, परिणामों और प्रस्तावित रणनीतियों के साथ संरेखित करना।
- फसल-विशिष्ट इनपुट सहित, फसल-आधारित प्रथाओं के सामान्य पैकेज पर प्रशिक्षण
- बीआरसी पर पुनश्चर्या प्रशिक्षण सत्र।
- साक्ष्य सृजन के लिए दस्तावेज़ीकरण और रिकॉर्ड रखना, एमआईएस और फार्म डायरी डेटा संग्रह।




# धन्यवाद!


## मानव जीवन विकास समिति

पता : ग्राम बिजौरी, पोस्ट मझगवां (बरही रोड), जिला कटनी म.प्र. पिन कोड: 483501
मो.नं. 9425157561
Email : mjvskatni@gmail.com
website : www.mjvs.org ,
Blogger - https://mjvskatni.blogspot.com/
Twitter - https://twitter.com/mjvs_katni_mp
Facebook - https://www.facebook.com/ngomjvskatni/
Instagram - https://www.instagram.com/manavjeevanvikassamiti/
Youtube- https://www.youtube.com/channel/UCiEnoE5h_oePCKrsea7rLWQ
Linkedin – https://www.linkedin.com/in/manav-jeevan-vikas-samiti-0b7559266